NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

# मुजफ्फरनगर में नकली उर्वरक फैक्ट्री का भंडाफोड़, कई राज्यों में फैला नेटवर्क, मालिक समेत 5 गिरफ्तार




**रामबाबू मित्तल, मुजफ्फरनगर:** उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर के सिलाजुड़ी गांव में नकली उर्वरक बनाने वाली एक फैक्ट्री का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में श्रीराम एग्रो ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड नामक इस फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। यहां मिट्टी, नमक, गेरू और रंगों के मिश्रण से नकली पोटाश और डीएपी तैयार कर ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर पैकिंग कर कई राज्यों में सप्लाई की जा रही थी। नकली खाद पार्किंग के लिए हापुड से मंगाए जा रहे थे खाद के नकली कट्टे।

अधिकारियों की टीम ने मारा छापा

एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ नई मंडी रूपाली राय और जिला कृषि अधिकारी राहुल सिंह तेवतिया के नेतृत्व में पुलिस बल ने फैक्ट्री पर छापेमारी की। छानबीन में खुलासा हुआ कि फैक्ट्री में आईपीएल ब्रांड के बोरों में नकली पोटाश और इफ्को ब्रांड के बोरों में नकली डीएपी भरा जा रहा था। यही नहीं, कीटनाशकों के नाम पर भी ब्रांडेड बैगों में नकली सामग्री पैक की जा रही थी।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/muzaffarnagar/fake-fertilizer-factory-busted-in-muzaffarnagar-5-arrested/articleshow/122417280.cms